आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज से दिल्ली दौरे पर– विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट कर उठायेंगे प्रदेशहित से जुड़े मुद्दे।
- प्रदेश में भारी वर्षा से प्रभावित लगभग 98 फीसदी पेयजल योजनाएं अस्थाई रूप से बहाल–उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों को सराहा।
- प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने के लिए प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला करेगा अध्ययन–दो बड़े संस्थानों के साथ हुआ एमओयू।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– केन्द्र द्वारा दी जा रही राहत राशि को आपदा प्रभावितों तक पहुंचाए राज्य सरकार।
- राज्य पर्यटन विकास निगम के 56 होटल मेक माई ट्रिप प्लेटफार्म पर उपलब्ध–घर बैठे हो सकेगी बुकिंग।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से नई दिल्ली के तीन दिवसीय दौरे पर है। उनका विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मिलने का कार्यक्रम है। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेशहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा कर वित्तीय मदद का आग्रह करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से भेंट कर संगठन से जुड़े मुद्दो पर भी चर्चा कर सकते हैं।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में भारी वर्षा से प्रभावित लगभग 98 फीसदी जलापूर्ति योजनाओं को अस्थाई रूप से बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिन–रात मेहनत कर 12 हज़ार 7 परियोजनाओं को बहाल किया है जो सराहनीय है। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 9 सौ 26 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है।

एमओयू

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने के लिए अध्ययन करेगा और इसके लिए दो बड़े संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति महावीर सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन की घटनाओं में वृद्धि हुई है जो सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए नॉर्वे और इटली के दो बड़े संस्थानों के साथ समझौता किया गया है।

जीएसटी–एमआरपी

केंद्र सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में किए गए बदलाव के बाद पहले से पैक वस्तुओं के निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को बिना बिके स्टॉक पर संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य 31 दिसंबर तक घोषित करने की अनुमति दे दी है। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार कंपनियां पुराने स्टॉक पर एम.आर.पी संशोधित कर सकती हैं। हालाँकि मूल एमआरपी दिखाई देनी चाहिए और किसी भी प्रकार की ओवर–राइटिंग की अनुमति नहीं होगी।

शांडिल

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि कल्याणकारी योजनाएं समाज को सशक्त बनाने का एक माध्यम है और राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सोलन में आज ज़िला कल्याण समिति की बैठक में उन्होंने बताया कि ज़िले में सामाजिक सुरक्षा पैंशन व अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर इस वित्त वर्ष के दौरान 94 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। धनीराम शांडिल ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत सोलन ज़िले में 18 हज़ार से अधिक महिलाओं को हर महीने 15 सौ रूपये की राशि दी जा रही है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज चंबा ज़िले में भटियात क्षेत्र का दौरा किया और आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद हर्ष महाजन भी उनके साथ मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि चंबा ज़िले में आपदा से भारी नुकसान हुआ है और भाजपा अपनी ओर से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश को भरपूर आर्थिक मदद दे रही है और ये पैसा प्रभावित परिवारों को मिलना चाहिए। ——बाईट——जयराम ठाकुर——

इस बीच जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांगड़ा ज़िले के नूरपुर में देशभर से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भेजी गई राहत सामग्री को चंबा ज़िले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किया।

मेक माई ट्रिप

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि निगम के 56 होटल अब देश की अग्रणी ट्रेवल कम्पनी मेक माई ट्रिप प्लेटफार्म पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने आज धर्मशाला में बताया कि इसके लिए निगम ने कम्पनी के साथ करार किया है। बाली ने कहा कि इससे निगम के होटलों को बड़ा बाजार मिलेगा और लोग घर बैठे इनकी बुकिंग कर सकेंगे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के कोटखाई उपमंडल का दौरा कर वर्षा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि इलाके में सड़कों को भारी क्षति हुई है और लगभग 95 फीसदी सड़कों पर यातायात बहाल कर दिया गया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि सेब सीजन के बाद सड़कों की पक्की मुरम्मत और डंगों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोटखाई उपमंडल में सभी 37 सेब एकत्रीकरण केन्द्रों को क्रियाशील कर दिया गया है।

पांगी घाटी

चंबा ज़िले में पांगी घाटी की शौर पंचायत से किलाड़ तक की सड़क पिछले दो सप्ताह से यातायात के लिए अवरूद्ध है जिसके कारण लोगों को किलाड़ पहुंचने में मुश्किलें आ रही है। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार व प्रशासन से शौर–किलाड़ और धरवास–किलाड़ सड़क को जल्द दुरूस्त करने की मांग की है।

रक्तदान

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता परिषद ने आज शिमला में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में वकीलों और अन्य लोगों ने रक्तदान किया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष सी.डी नेगी ने कहा कि अस्पतालों में खून की कमी को पूरा करने के लिए ये शिविर लगाया गया।